Title: Need to classify Hyderabad as Category `A` City.-Laid.

श्री एम0 अंजनकुमार यादव (सिकन्दराबाद) : अध्यक्ष महोदय, सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि हैदराबाद की जनसंख्या 70 लाख के करीब है। नियमों के अनुसार जिन शहरों की आबादी 50 लाख से अधिक है, उन्हें "ए" क्लास सिटी घोाित किया जाता है, परन्तु कई सालों की मांग के बाद भी अभी तक हैदराबाद सिटी को "ए" क्लास सिटी घोाित नहीं किया गया, जिसके कारण हैदराबाद में रहने वाले सरकारी कर्मचारियों को भत्ता संबंधी लाभ नहीं मिल पा रहा है एवं शहर की समस्या के समाधान हेतु आवश्यक फंड की व्यवस्था भी नहीं हो पा रही है।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि हैदराबाद शहर को " ए" क्लास सिटी घोाित किया जाये।